# ननि ने 105 जोड़ों के किए हाथ पीले, ई-रिक्शा में सवार हो पहुंचे दूल्हेराजा

## मौसम की बेरुखी भी नहीं रोक पाई नगर निगम के संकल्प को

नवभारत न्यूज

**सतना, 1 मई. शहर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-2 के मैदान में शुक्रवार को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत एक भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न हुआ। इस गरिमामय कार्यक्रम में कुल 105 जोड़ों ने पूरे विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ अग्नि के फेरे लेकर नए जीवन की शुरुआत की।**





### सामाजिक समरसता का संदेश

नगर निगम महापौर योगेश ताम्रकार ने योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह मुख्यमंत्री की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जो आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के लिए वरदान साबित हो रही है। उन्होंने कहा, इस तरह के आयोजनों से न केवल दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों पर प्रहार होता है और फिजूलखर्ची रुकती है, बल्कि समाज में समरसता और महिलाओं के प्रति सम्मान भी बढ़ता है।

इस आयोजन का सबसे आकर्षण केंद्र इसकी अनूठी बारात रही। सभी दूल्हे व्यंकटेश लोक से पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर निकले। आधुनिकता और पर्यावरण का संदेश देते हुए दूल्हे ई रिक्शा पर सवार थे। बारात में नगर निगम महापौर योगेश ताम्रकार, निगम परिषद अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी और नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी खुद बाराती बनकर डीजे और बैंड-बाजे की धुन पर थिरकते हुए विवाह स्थल तक पहुँचे। विवाह स्थल पर वधु पक्ष की ओर से जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने बारात की अगवानी की और दूल्हों का तिलक लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रदेश की राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी और सांसद गणेश सिंह ने विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने नव दंपत्तियों को सुखद वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद दिया और शासन की ओर से मिलने वाले उपहार भेंट किए।

### विधि-विधान से विदाई

आयोजन के दौरान सभी जोड़ों का विवाह हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न कराया गया। विदाई के समय वधु पक्ष और शासन की ओर से उपहार प्रदान किए गए। सामूहिक भोज के साथ इस भव्य कार्यक्रम का समापन हुआ, जिसने शहर में सादगी और सहयोग की एक नई मिसाल पेश की।

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए मल्टी टियर मॉनीटरिंग टास्क फोर्स का गठन

नवभारत न्यूज

**सतना 01 मई. मध्यप्रदेश शासन ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के परिपालन में प्रदेश में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन और माइक्रो-लेवल मॉनिटरिंग के लिए मल्टी-टियर मॉनिटरिंग टास्क फोर्स समितियों का गठन किया है।**

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा अपशिष्ट प्रबंधन की निगरानी के लिए चार स्तर पर समितियों का गठन किया गया है। संभाग स्तरीय समिति के अध्यक्ष संभागीय आयुक्त होंगे। संभाग के संबंधित जिलों के कलेक्टर, जिला पंचायत के सीईओ, नगरीय निकायों के आयुक्त/मुख्य नगरपालिका अधिकारी और महापौर/अध्यक्ष सदस्य के रूप में शामिल रहेंगे। संभागीय संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास सदस्य सचिव होंगे। जिला स्तरीय समिति कलेक्टर की अध्यक्षता में कार्य करेगी। इसमें नगरीय निकायों के अधिकारी, जनपद पंचायतों के सीईओ, जन प्रतिनिधि, जिला शिक्षा अधिकारी और शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य सदस्य होंगे। जिला शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी सदस्य सचिव होंगे। निकाय स्तरीय समिति में महापौर या अध्यक्ष समिति के अध्यक्ष होंगे। इस समिति में वार्ड पार्षद, धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि और स्थानीय व्यापारी, सब्जी मंडी व रहवासी संघों के नामांकित सदस्य शामिल किए जाएंगे। स्वच्छता नोडल अधिकारी सदस्य सचिव होंगे। वार्ड स्तरीय समिति वार्ड पार्षद की अध्यक्षता में बनेगी। इसमें रहवासी कल्याण संघों के प्रतिनिधि, महिला स्व-सहायता समूहों के प्रतिनिधि और स्थानीय शासकीय स्कूलों के प्राचार्य सदस्य होंगे। स्वच्छता वार्ड प्रभारी को इसका सदस्य सचिव बनाया गया है।



# हलवाई ने अधिवक्ता पर किया चाकू से हमला, मौत

## आरोपी को तलाश रही पुलिस

नवभारत न्यूज

**सतना, 1 मई. वैवाहिक आयोजन के दौरान भोजन की व्यवस्था को लेकर शुरू हुए विवाद को वहां पर मौजूद मेहमानों ने शांत तो करा दिया। लेकिन हलवाई का गुस्सा ठंडा नहीं हुआ और गुस्से में आकर उसने अधिवक्ता पर चाकू से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। इस घटना के सामने आते ही क्षेत्र में तनाव के साथ साथ शोक का माहौल पसर गया।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के कोठी थाना क्षेत्र के रनेही गांव में एक शादी समारोह आयोजित था। जिसमें सम्मिलित होने के लिए पेशे से अधिवक्ता रोहित डोहर निवासी गौरा मेदनीपुर भी पहुंचे थे। बताया गया कि समारोह के दौरान उनका हलवाई का काम करने वाले सतीश डोहर से विवाद हो गया। यह विवाद भोजन व्यवस्था को लेकर की जाने वाली आपत्ति के जरिए शुरू हुआ था। हालांकि विवाद बढ़ता देख वहां पर मौजूद लोगों द्वारा समझा बुझाकर किसी तरह शांत करा दिया था। लेकिन घटना के बाद जब रोहित अपने गांव लौट रहे थे तभी रास्ते में आरोपी सतीश डोहर ने अपने साथियों के साथ मिलकर उन पर सब्जी काटने वाले चाकू से हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल रोहित को मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल कोठी अस्पताल पहुंचाया लेकिन घाव इतने गहरे थे कि डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। रोहित की मौत की खबर जैसे ही परिजनों तक पहुंची घर में कोहराम मच गया।

### एक ही गांव के निवासी

घटना की सूचना मिलते ही कोठी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी और मृतक एक ही क्षेत्र के रहने वाले हैं। मृतक वकालत की प्रैक्टिस करते थे।। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है और जल्द गिरफ्तारी का दावा किया जा रहा है। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है। थाना प्रभारी का कहना है कि आरोपियों की पहचान सुनिश्चित कर ली गई है और पुलिस की अलग-अलग टीमें उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही हैं।

# नशा कारोबारी और निजी एंबुलेंस की चिकित्सालय में फिर घुसपैठ

## ओपीडी से लेकर सभी वार्ड में मौजूदगी, मरीजों को बरगलाकर धड़ल्ले से भेजा जा रहा निजी हास्पिटल

नवभारत न्यूज

**सतना 1 मई. जिला चिकित्सालय परिसर में निजी एंबुलेंस दलालों की धमाचौकड़ी कोई नई बात नहीं है. मरीज के परिजनों को बरगलाकर निजी हास्पिटल ले जाना और बदले में कमीशन लेने का खेल शहर से लेकर जबलपुर तक जारी रहता है.**

हलांकि प्रशासन की सक्रियता के चलते कोतवाली पुलिस ने कुछ कड़ाई बरती, जिससे कुछ समय के लिए लगाम लगी रही. लेकिन अब एक बार फिर से निजी एंबुलेंस दलालों के साथ-साथ नशे के कारोबारियों का चिकित्सालय में जमघट लगना शुरु हो गया है.

यह जानकारी किसी से भी छिपी नहीं है कि जिला चिकित्सालय परिसर में दो दर्जन से अधिक निजी एंबुलेंस दलाल सक्रिय रहते हैं. अस्पताल में पूर्व से भर्ती अथवा उपचार के लिए अस्पताल पहुंचने वाले मरीज के परिजनों को बरगलाकर झांसे में लेते हुए शहर अथवा जबलपुर के कुछ निजी हास्पिटल में ले जाया जाता है. जिसके बदले में उन्हें मोटा कमीशन प्राप्त होता है. इतना ही नहीं बल्कि दवाएं दिलाने और जांच कराने से लेकर रक्त की उपलब्धतता सुनिश्चत कराने के एवज में भी इनके द्वारा मोटी रकम मरीज के परिजनों से वसूली जाती है. मोटे कमीशन के इस खेल में प्रतिद्वंदिता होने के कारण आपसी विवाद होना भी स्वाभाविक है. जिसे आए दिन अस्पताल परिसर अथवा मुख्य गेट के सामने कानून-व्यवस्था के उड़ते माखौल के जरिए भी आसानी से समझा जा सकता है. इन दलालों के हौसले इस कदर बुलंद रहते हैं कि अपने कमीशन के खेल में आड़े आने पर ये चिकित्सालय के सुरक्षा गार्ड से लेकर पैरामेडिकल-नर्सिंग स्टॉफ को भी सरेआम धमकाने से नहीं चूकते. हलांकि कुछ समय पहले सुरक्षा गार्ड को धमकाने और हमला करने से सुर्खियों में आने के कारण प्रशासन द्वारा कड़े निर्देश दिए गए थे. जिसकी वजह से एक ओर जहां अस्पतान प्रशासन और वहीं दूसरी ओर कोतवाली पुलिस द्वारा इन दलालों पर लगाम लगानी शुरु कर दी थी. लेकिन मामला ठंडा होते ही एक ओर जहां अस्पताल प्रशासन का कार्यशैली में सुस्ती आ गई. वहीं दूसरी ओर चिकित्सालय चौकी में तैनात स्टॉफ की भूमिका भी मूक दर्शक जैसी हो गई.

नतीजतन दन दिनों जिला चिकित्सालय परिसर में ओपीडी से लेकर सभी वार्डों में एक बार फिर से दलालों ने अपनी घुसपैठ बना ली है. दिन हो या रात ये धड़ल्ले से मरीज के परिजनों को बरगलाकर निजी हास्पिटल्स में ले जा रहे हैं.



### नशा कारोबारी की मौजूदगी

जिला चिकित्सालय की ओपीडी क्षेत्र में बने सहायता केंद्र में कर्मचारी की मौजूदगी में ये दलाल वहां पर डटे रहते हैं. जैसे ही कोई मरीज अस्पताल पहुंचता है तो ये भर्ती होने से पहले ही परिजनों को बरगलाना शुरु कर देते हैं. नतीजा यह होता है कि चिकित्सालय में बद्तर उपचार होने और मरीज की मौत हो जाने का हवाला देते हुए ये उन्हें निजी हास्पिटल ले जाते हैं. मामले का काबलेगौर पहलू यह भी है कि एक ओर जहां परिसर में पहले से ही 2 दर्जन से अधिक निजी एंबुलेंस दलाल सक्रिय हैं. वहीं पिछले कुछ दिनों से एक कुख्यात नशे के कारोबारी ने भी चिकित्सालय को अपना ठिकाना बना लिया है. लगभग 5 वर्ष पहले नशे के इस कारोबारी के पुष्पराज कालोनी स्थित ठिकाने से काफी मात्रा में नशे की खेप पकड़ी गई थी. जिसके चलते साल भर फरार रहने के बाद वह पुलिस की पकड़ में आया और जेल में रहा. जहां से छूटने के बाद कुछ निजी एंबुलेंस दलालों के साथ वह अस्पताल में सक्रिय हो गया है.

### चौकी स्टॉफ की भूमिका पर सवाल

जिला चिकित्सालय परिसर में कानून-व्यवस्था की स्थिति को बनाए रखने के लिए 1 प्रधान आरक्षक, 1 आरक्षक और 1 नगर सैनिक की तैनाती की गई है. परिसर में निजी एंबुलेंस दलालों की बढ़ती गुंडागर्दी को देखते हुए कुछ समय पहले कोतवाली थाना प्रभारी द्वारा चौकी स्टॉफ को सख्त निर्देश दिए जाने के साथ ही चिकित्सालय के गेट पर एक नोटिस चस्पा करा दिया गया था. जिसके जरिए निजी एंबुलेंस दलालों के परिसर में प्रवेश पर पाबंदी लगा दी गई थी. लेकिन सूत्रों की मानें तो व्यवस्था में कथित तौर पर कसावट लाने के लिए की गई इस कवायद से निजी एंबुलेंस दलालों के बीच चौकी स्टॉफ की पूछ-परख काफी बढ़ गई. इतना ही नहीं बल्कि चिकित्सालय परिसर से मरीज को निजी हास्पिटल ले जाने पर प्रत्येक वाहनों से लिए जाने वाले सुविधा शुल्क में भी बढ़ोत्तरी हो गई. वहीं रात के समय अस्पताल पहुंचने वाले कोतवाली के गश्ती दल की सेवा-सुश्रुसा में खासा इजाफा हो गया.

### रामपुर बाघेलान में जनगणना 2027 की हुई शुरुआत

**सतना 01 मई.** जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत सतना जिले के रामपुर बाघेलान क्षेत्र में व्यापक स्तर पर मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। यह कार्य ब्लॉक-4, वार्ड क्रमांक 3 से फेनिक्स मैरिज गार्डन से शुरू किया गया। शासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार हल्का भरहटा में हाउस लिस्टिंग एवं बिल्डिंग कार्य अंतर्गत 272 एवं 273 भवनों का सर्वे कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

# मजदूर दिवस पर संयुक्त ट्रेड यूनियन ने रैली निकाल अपनी मांगे उठाईं

नवभारत न्यूज

**सतना, 1 मई. ट्रेड यूनियन काउंसिल के नेतृत्व में 1 मई 2026 को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में सतना में एक विशाल रैली का आयोजन किया गया।**




रैली पुष्कर्णी पार्क से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए पुन: पुष्कर्णी पार्क में संपन्न हुई। यह रैली श्रमिकों के अधिकारों, सम्मान और सामाजिक न्याय की मांगों को बुलंद करने के उद्देश्य से निकाली गई। 1 मई का यह दिन विश्व भर के मेहनतकश वर्ग के संघर्ष, बलिदान और एकता का प्रतीक है, जिसकी ऐतिहासिक जड़ें 19वीं शताब्दी के शिकागो मजदूर आंदोलन से जुड़ी हैं, जहां आठ घंटे कार्यदिवस की मांग को लेकर श्रमिकों ने ऐतिहासिक संघर्ष किया था। आज के दौर में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, असंगठित श्रम और असुरक्षा के बीच मजदूर दिवस का महत्व और अधिक बढ़ गया है। हाल के समय में देश के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में मजदूरों द्वारा न्यूनतम मजदूरी, बेहतर कार्य परिस्थितियों और श्रम अधिकारों को लेकर किए जा रहे आंदोलन इस बात का प्रमाण हैं कि श्रमिक वर्ग अभी भी अपने बुनियादी अधिकारों के लिए संघर्षरत है। नई श्रम संहिताओं के कारण नौकरी की असुरक्षा, ठेकेदारी प्रथा और सामाजिक सुरक्षा में कमी जैसे मुद्दे गंभीर चिंता का विषय बने हुए हैं। रैली के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि श्रमिक एकता ही इन चुनौतियों का समाधान है। सरकार से मांग की गई कि श्रमिकों के हित में ठोस कदम उठाए जाएं, न्यूनतम मजदूरी सुनिश्चित की जाए, कार्यस्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हों तथा सभी को सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिले। मजदूर दिवस हमें यह संकल्प लेने का अवसर देता है कि हम संगठित होकर श्रम के सम्मान और अधिकारों की लड़ाई को आगे बढ़ाएं और एक न्यायपूर्ण समाज की स्थापना करें, जहां हर मेहनतकश को उसका उचित हक मिल सके। इस रैली में जिला ट्रेड यूनियन काउंसिल सतना के नेतृत्व में रैली निकाली गई.

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने ली मण्डलों की संगठनात्मक बैठक

नवभारत न्यूज

**सतना, 1 मई. भाजपा जिलाध्यक्ष पं भगवती प्रसाद पांडे ने शुक्रवार 1 मई को रैगांव विधानसभा क्षेत्र के कोठी एवं चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र के मझगवां एवं चित्रकूट में मण्डलों की संगठनात्मक बैठकें लेकर आगामी कार्यक्रमों को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं से महत्वपूर्ण चर्चा की।**



पं भगवती प्रसाद पांडे ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी पदाधिकारियों का संगठनात्मक प्रवास भाजपा की कार्यसंस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह प्रक्रिया संगठन की जड़ों को मजबूत करने, कार्य की गति को तीव्र बनाने एवं पार्टी कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार करने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूती प्रदान करने के लिए सभी पदाधिकारियों को अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करना चाहिए। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि ये बैठकें केवल मण्डल स्तर तक सीमित नहीं रहेंगी बल्कि ये बैठकें शक्ति केंद्रों से लेकर बूथ स्तर तक होंगी।

# संजय तीर्थवानी के प्रथम सतना आगमन पर स्वागत की तैयारियां

नवभारत न्यूज

**सतना, 1 मई. नवनियुक्त विंध्य विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष संजय तीर्थवानी जी के प्रथम सतना नगर आगमन को लेकर जिलेभर में उत्साह का माहौल है उनके स्वागत हेतु विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक एवं राजनीतिक संगठनों द्वारा व्यापक तैयारियाँ की जा रही हैं।**



निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार द 2 मई शनिवार को श्री तीर्थवानीजी भोपाल से मैहर आगमन (रेवांचल एक्सप्रेस) प्रात: 7 बजे करेंगे इसके पश्चात वे प्रात: 9 बजे शारदा माता के दर्शन करेंगे एवं 10 बजे भाजपा कार्यालय मैहर पहुँचेंगे इसके बाद उचेहरा 11 बजे होते हुए सतना नगर में 11:20 बजे आगमन होगा। सतना में उनका स्वागत विभिन्न प्रमुख स्थानों पर किया जाएगा, जिसमें खाना खजाना मोड़ 11:30 बजे, राधा चौक बायपास 11:40 बजे, कारगिल बाबा 11:50 बजे, सेमरिया चौक 12:00 बजे, भरहुत नगर मोड़ 12:10 बजे शामिल हैं। श्री तीर्थवानी के स्वागत के लिए अनेक जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं व्यापारिक संगठनों ने आमजन से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर स्वागत करने की अपील की है स्वागत अपील करने वालों में प्रमुख रूप से पंकज शुक्ला, परशुराम गुप्ता, संजय गुप्ता, प्रदीप अरोरा, सुनील यादव (शिल्लू), विजय तिवारी, मनीषा सिंह, राजीव मिश्रा, शिवेंद्र सिंह, शिवम् अग्निहोत्री, सुमेश शुक्ला, संतोष सोनी, विनोद जैसवाल, सौभाग्य केशरी, उत्कर्ष केशरी (लड्डू), निधि गोपाल गुप्ता, श्रीकृष्ण द्विवेदी, शुभम् यादव, राष्ट्रीय सामाजिक संस्था जिए सिंध सेवा संगम के फाउंडर मनोहर सुगानी एवं जिला अध्यक्ष संजय आहूजा, किशोर वलेजा, कन्हैयालाल कामदार, भाजपा युवा मोर्चा से प्रभाकर मालिक सहित अनेक नागरिक शामिल हैं.



# कोटर में अग्नि पीड़ित आदिवासी परिवारों के बीच पहुंचकर सांसद ने बांटी राहत सामग्री

नवभारत न्यूज

**सतना, 1 मई. हाल ही में हुई रामपुर विधानसभा क्षेत्र के कोटर अंतर्गत आदिवासी बस्ती हनुमान नगर, वार्ड नंबर 2 में आगजनी की घटना से प्रभावित परिवारों के बीच शुक्रवार को सांसद गणेश सिंह दोबारा पहुंचकर पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया।**

सांसद गणेश सिंह ने यूथ हेल्पिंग हैंड संस्था सतना एवं उत्थान सेवा फाउंडेशन सतना के सहयोग से अग्नि पीड़ित परिवारों को सभी तरह की सामग्री जिसमें सभी को कपड़े, बर्तन, खाद्य सामग्री, बिस्तर, दैनिक उपयोग की वस्तुएं एवं अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई, पीड़ित परिवारों के पास सिर्फ बदन में जो कपड़े थे उसके अलावा कुछ नहीं बचा था सांसद श्री सिंह उन सभी परिवारों के पास तत्काल जरूरत की सामग्री उपलब्ध कराने स्वयं पहुंचे और उस भावुक क्षण में बच्चों और उनके पूरे परिवार में एक उत्साह देखा, श्री सिंह ने सबको कहा है कि निराश होने की जरूरत नहीं है अपना और अपने बच्चों का ख्याल रखें, मै और मेरी सरकार पूरी तरह से उनके साथ हैं, उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में प्रशासन एवं समाज सभी मिलकर पीड़ितों के साथ हैं।

# नारायण मुक्तिधाम का होगा कायाकल्प

नवभारत न्यूज

**सतना, 1 मई. समाजसेवी संस्था सिन्धु विकास समिति द्वारा संत समाज के सानिध्य में जन सहयोग से रीवा रोड स्थित श्री नारायण मुक्तिधाम का नवनिर्माण, विस्तार एवं जीणोद्धार का कार्य किया जा रहा है।**

मुक्तिधाम के सौंदर्यकरण एवं अन्य निर्माण कार्य के लिए 30 अप्रैल गुरुवार को संरक्षक गोपी गेलानी अध्यक्ष विनोद गेलानी महामंत्री घनश्याम मंघरानी ने महापौर श्री योगेश ताम्रकार से मिलकर पत्र सौंपा। संस्था के मंत्री संजय वाधवानी ने बताया महापौर श्री ताम्रकार को पत्र सौंप कर दोनों मुखाग्नि स्थल का रिनोवेशन, खाली पडी भूमि पर पेवर ब्लाक लगवाने एवं पार्किंग में शेड बनवाने की मांग की।

# डॉ. राकेश के जन्म दिवस पर भरहुत नगर में हुआ पौधरोपण

नवभारत न्यूज

**सतना 1 मई। पं.गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष एवं इंडियन एमेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र भाई साहब के जन्मदिन पर रामेश्वरम पार्क भरहुत नगर में पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**




सेवा न्यास के मीडिया प्रमुख राजेश त्रिपाठी नीलू ने बताया है कि डॉ. राकेश मिश्र के जन्मदिवस पर पौधा रोपण कर बच्चों को मिष्ठान वितरण किया गया। सेवा न्यास मुख्यालय नेह निकुंज में सुंदरकांड भक्त मंडल ने सुमधुर स्वर में गायन करते हुए उपस्थित श्रद्धालुओं ने तालियां बजाकर ढोल मंजीरा के साथ प्रभु श्री राम की आराधना करते हुए डॉ. राकेश मिश्र जी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए राम दरबार की आरती पूजन किया तदुपरांत भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।

## एक नजर में




### वार्ड-34 में विकास कार्यों की शुरुआत

**सतना.** वार्ड क्रमांक 34 में विकास कार्यों की एक नई शुरुआत करते हुए नाली निर्माण कार्य (लागत 21.04 लाख) एवं सी.सी. रोड निर्माण कार्य (लागत 21.15 लाख) का विधिवत भूमिपूजन महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने किया। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी, निर्माण विभाग अध्यक्ष गोपी गेलानी, वार्ड पार्षद श्रीमती कुसुम मल्लाह, वरिष्ठ समाजसेवी प्रमोद पांडेय, भानु प्रताप सिंह, कलेश पांडेय, सुरेश चतुर्वेदी, रामखेलावन सेन, पूर्व पार्षद श्रीमती राधा श्रीवास्तव, जितिन यादव, वाल्मीकि मल्लाह जी, बृजेश शुक्ला, श्रीमती रेणु सिंह, मनोज सिंह, शिवकुमार सेन, विजय दुबे, अनवर मिर्जा, सुनील यादव, रोजल सिंह, नगर निगम के सब इंजीनियर ऋचा गौतम, अनिल सैनी एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

### प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक हुई

**सतना,** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन सतना की मासिक बैठक का आयोजन आज दिनांक 30 अप्रैल को अपराह्न 4बजे से स्थानीय सन्डे एकेडमी विद्यालय में किया गया है बैठक में इस माह में जन्मे पेंशनर्स साथियों का सम्मान, समस्याओं पर चर्चा जिला कार्यकारणी का गठन आदि विषयों पर चर्चा की जानी हैं कृपया साथियों सहित समय पर उपस्थित होने का कष्ट करे



### मजदूर दिवस पर मजदूरों के बीच इंटक

**सतना.** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक शहर के पदाधिकारियों ने लालता चौक सतना में दिहाड़ी मजदूरों से सम्पर्क कर उनकी समस्याओ और कठिनाईयों पर चर्चा कर उनके निराकरण में पूर्ण सहयोग करने का विश्वास दिलाया.

